THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDAR BAKHT): (a) to (c). Information is being collected.

बैलगाड़ी

1025. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्तमान जेट युग में भी भारत में बैलगाड़ियों की संख्या में 2 लाख की वृद्धि हो रही है ; और

(ख) सरकार बैलगाड़ी का विकास करने के लिए क्या कार्यवाही कर रही है जो प्राचीनकाल से प्रयोग में लाई जा रही है ताकि यह दलदल, रेतीला तथा पानी वाली भूमि पर और पक्की सड़क पर भी बिना किसी कठिनाई के चल सके ?

कृषि और सिंचाई मन्त्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) और (ख). सूचना एकत्र की जा रही है और संबंधित मंत्रालय द्वारा सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।

राजस्थान के गावों में पीने के पानी सुविधा

1026. **श्री चतुर्भुज :** क्या निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या राजस्थान में अधिकांश गांवों में पीने के पानी की सुविधा पर्याप्त तथा सन्तोषजनक नहीं है ;

(ख) ऐसे गांवों की संख्या, कितनी है जहां पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं है ; और

(ग) राज्य के सभी गांवों में पीने के पानी की व्यवस्था करने के लिए राज्य सरकार को कितनी सहायता दिए जाने का विचार है तथा यह काम कब तक पूरा हो जाएगा ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मन्त्री (श्री सिकन्दर बख्त) : (क) से (ग). सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

सहकारी समितियों का पुनर्गठन

1027. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव :** क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार सहकारी समितियों का पुनर्गठन करने का है ;

(ख) यदि हां, तो ग्राम सहयोग समितियों के पुनर्गठन का आधार क्या है ; और

(ग) क्या बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में सहयोग समितियों का पुनर्गठन किया जा चुका है ।

कृषि और सिंचाई मन्त्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) एक सक्षम आधार तैयार करने के लिए प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण सोसायटियों का पुनर्गठन राज्य सरकारों द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा एक योजना कार्यक्रम है ।

(ख) प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण सोसायटियों के पुनर्गठन के लिए मानदंड एक पूर्णकालिक वैतनिक सचिव रखने योग्य कम से कम 2 लाख रुपए